उत्तराखंड में खुलेंगी तीन नई खाद्य जाँच प्रयोगशालाएँ

चर्चा में क्यों?

28 सितंबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्य सचिव एस.एस. संधू ने उत्तराखंड में तीन नई खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएँ खोलने के आदेश दिये। उन्होंने गढ़वाल और कुमाऊँ क्षेत्र में एक-एक मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब स्थापित करने का भी निर्देश दिया।

प्रमुख बिंदु

- ये **प्रयोगशालाएं देहरादून, हरिद्वार और हल्द्वानी में** स्थापित की जाएंगी।
- **वर्तमान में प्रदेश में एक ही खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला है, जो रुद्रपुर में स्थित** है।
- मुख्य सचिव ने राज्य में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिये पोर्टल आधारित निगरानी शुरू करने, नियमित रूप से अभियान चलाने और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।
- उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता फैलाने के लिये छोटी-छोटी वीडियो क्लिप बनाई जानी चाहिये। साथ ही उन्होंने होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों को स्वच्छता रेटिंग अपनाने के लिये प्रोत्साहित करने का भी निर्देश दिया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-new-food-testing-laboratories-in-uttarakhand